## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः– :–एफ 3/लेखा/16–17/5692 – 5712 दिनांक : 31/01/17

### ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या : 28/16–17

नगर विकास न्यास में पंजीकृत "एए" श्रेणी के संवेदकों एवं किसी भी राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी विभागो के अन्तर्गत पंजीकृत "एए" श्रेणी के संवेदकों से **निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से** निम्न कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है, जो निम्न प्रकार ऑनलाईन डाउनलोड/अपलोड तथा खोली जावेगी। समस्त कार्यों के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर न्यास में पंजीकृत सक्षम संवेदक द्वारा ½% राशि एवं अन्य विभागों में पंजीकृत सक्षम संवेदक द्वारा 2%राशि का बैंक ड्राफ्ट सचिव नगर विकास न्यास, कोटा के नाम से ऑनलाईन निविदा खोलने से पूर्व, न्यास में प्रस्तुत करना होगा।

| ऑनलाईन निविदा डाउनलोड/ अपलोड की तिथि | प्री –बिड मीटिंग | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|
| 15.02.2017 प्रातः 9.30 से 20.03.2017 सांय 6.00 बजे तक | 06.03.2017 को सायं 4.00 बजे | 21.03.2017 को सांय 4.00 बजे। |

निविदा का विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | खण्ड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 के प्रावधान 1 ए के अन्तर्गत रायपुरा आवासीय योजना में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग के 288(जी+3) एवं अल्प आय वर्ग के 112(जी+3) कुल 400 आवासों का निर्माण कार्य एवं आंतरिक विकास कार्य। | 2157.37 लाख | 15000/- | 18 माह | आवास |

नोटः–

1. निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।
2. प्री–बिड मीटिंग दिनांक 06.03.2017 को सांय 4.00 बजे अतिरिक्त मुख्य अभियंता के समक्ष कार्यालय में रखी जावेगी।
3. तकनीकी बिड हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आवश्यक दस्तावेज ही संलग्न करें। अनावश्यक दस्तावेज संलग्न न करें।
4. धरोहर राशि व निविदा शुल्क का डी०डी० "सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा" के नाम से ऑन लाईन निविदा फार्म डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि तक का ही स्वीकार्य होगा। अंतिम तिथि के बाद का डी०डी० मान्य नही होगा। धरोहर राशि, निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं Online Bid submission confirmation form निविदा खुलने की तिथि दोपहर 1.00 बजे तक, न्यास में प्रस्तुत करने होंगे।
5. प्रोसेसिंग शुल्क 1000/– का डी०डी० "MD, RISL, Jaipur" के नाम देय होगा। ।
6. उक्त निविदा न्यास की वेबसाईट www.uitkota.org पर भी देखी जा सकती है।
7. प्रथम तीन न्यूनतम दरदाता संवेदकों की धरोहर राशि को रोकते हुए शेष सभी संवेदकों को धरोहर राशि सात दिवस के अंदर लौटाई जावेगी तथा द्वितीय व तृतीय न्यूनतम दरदाता संवेदकों की धरोहर राशि कार्यादेश जारी होने के 10 दिवस पश्चात या निविदा वैधता तिथि पश्चात् (दोनो में से जो भी पहले हो) लौटाई जायेगी।
8. राजस्थान भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार नियम–2009 के सम्बन्ध मे जारी अधिसूचना दिनांक 30.04.209 के अनुसरण मे न्यास द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों के रनिंग/अंतिम बिलों के भुगतान पर 1% श्रम उपकर (L. Cess) भी देय होगा।
9. निविदा में प्रस्तुत दर प्रचलित बी.एस.आर., जिस पर निविदा आधारित है, से जितनी प्रतिशत कम आयेगी उतनी राशि की बैंक गारण्टी/डी०डी० विभाग में कार्यादेश जारी करने से पूर्व जमा करानी होगी। जो वास्तविक कार्य पूर्णता तिथि से 28 दिन बाद कार्य संतोषजनक होने पर लौटाई जावेगी।
10. धरोहर राशि 10.00 लाख से अधिक होने पर राशि 10.00 लाख का डी डी/बैंकर्स चैक व शेष राशि बैंक गारंटी (कोटा मुख्यालय पर देय हो) के रूप में प्रस्तुत की जा सकती है।
11. कार्यों की दोष निवारण अवधि (Defect Liablity Period) का समय 3 वर्ष होगा। कार्य की वास्तविक पूर्णता तिथि से 3 वर्षों में प्रत्येक वर्ष प्रभारी अभियंता से संतोषजनक प्रमाण–पत्र जारी होने के पश्चात एस०डी० प्रथम 2 वर्षों तक 10% प्रतिवर्ष व अंतिम वर्ष (तीसरे वर्ष) 80% लौटाई जावेगी।
12. ऑनलाईन निविदा में भाग लेने वाले सभी संवेदको/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि वह निविदा में सम्मिलित होने से पूर्व, यह सुनिश्चित कर ले की वह निविदा के अनुरूप उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत है या नहीं। उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत नहीं पाये जाने की स्थिति में निविदा निरस्त करनें/निविदा निरस्त करते हुऐ जमा राशि जब्त करनें का प्रावधान नगर विकास न्यास, कोटा में निहित रहेगा।
13. उपरोक्त निविदाओं को बिना किसी कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को रहेगा।

अधिशाषी अभियंता (आवास)
नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः–एफ 3/लेखा/16–17/ 5692-5712

दिनांक : 31/01/17

जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार प्रतिलिपि निम्न को भेजकर लेख है कि न्यास द्वारा उक्त कार्य कराये जा रहे हैं। यदि इन कार्यों से आपके विभाग की सम्पत्ति/सेवाएँ प्रभावित होने की संभावना हो तो 15 दिवस की अवधि में अवगत कराने का कष्ट करें, अन्यथा यह माना जावेगा कि आपके विभाग को कोई आपत्ति नहीं है।

1. अति० जिला कलक्टर (शहर) कोटा, अध्यक्ष, विकास सम्बन्धी समन्वय समिति, कोटा ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वा० अभि० विभाग/अधीक्षण अभियन्ता, जे०वी०वी०एन०एल०, कोटा।
3. उप महाप्रबन्धक, भारत संचार निगम लि० कोटा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग,/ अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन कोटा।
5. उप आवासन आयुक्त, आवासन मण्डल, कोटा।
6. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, कोटा।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

7. श्री ओम बिरला, माननीय सांसद महोदय कोटा–बूंदी, लोकसभा क्षेत्र
8. माननीय विधायक महोदय, कोटा दक्षिण/माननीय विधायक महोदय लाडपुरा/माननीय विधायक महोदय कोटा उत्तर/माननीया विधायक महोदया, रामगंजमण्डी, कोटा।
9. महापौर महोदय, नगर निगम, कोटा।
10. अध्यक्ष महोदय/ सचिव महोदय, नगर विकास न्यास, कोटा।
11. संयुक्त शासन सचिव प्रथम, नगरीय विकास विभाग जयपुर।
12. प्रबंध निदेशक, राजस्थान संवाद, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग परिसर, शासन सचिवालय, जयपुर (राज०)।
13. मुख्य अभियंता/अति०मुख्य अभियन्ता/अधिशाषी अभियन्ता खण्ड प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ/जल/विद्युत/प्रोजेक्ट/आवासीय, नगर विकास न्यास, कोटा।
14. सहायक अभियन्ता **श्री शैलेन्द्र जैन** सहायक अभियंता या आपसे सम्बन्धित कार्य की BOQ, M.S. Excel में तैयार कर निविदा तिथि से सात दिन पूर्व प्रस्तुत करें । यदि BOQ के अभाव में कोई निविदा निरस्त की गई तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी ।
15. समस्त पंजीकृत संवेदक / सूचना पट्ट, नगर विकास न्यास, कोटा ।
16. विज्ञप्ति लिपिक वास्ते निविदा सूचना प्रकाशनार्थ स्थानीय एवं राजकीय एवं राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रो में नियमानुसार।
17. श्री संजीव शर्मा, कम्प्यूटर प्रोग्रामर को भेजकर निर्देश दिये जाते है कि राज्य सरकार के परिपत्र संख्या F.2(4)FD/Exp-III/99 दिनांक 13–01–05 की अनुपालनार्थ सम्बन्धित विभाग को e-Mail करें। न्यास की वेबसाईट, State Public Procurement Portal की Website **http:// sppp.raj.nic.in**, ई–पोर्टल **https://eproc.rajasthan.gov.in** निविदा/निविदा सूचना अपलोड के पश्चात अपलोड दिनांक की सूचना सम्बन्धित को उपलब्ध करावें एवं राजस्थान संवाद के माध्यम से निविदा सूचना प्रकाशन हेतु **classified.samwad@gmail.com** पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
18. समस्त पंजीकृत संवेदक/सूचना पट्ट, नगर विकास न्यास, कोटा।
19. विज्ञापन शाखा, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि राजस्थान संवाद के माध्यम से प्रकाशित करवाने बाबत् एवं समाचार पत्रों में निविदा प्रकाशन की प्रतियाँ, जितने कार्यों का इस निविदा में उल्लेख है, उससे दुगनी एवं दो अतिरिक्त प्रतियाँ आवश्यक रूप से लेखा शाखा में प्रस्तुत करें।
20. केशियर, नगर विकास न्यास कोटा।

अधिशाषी अभियंता (आवास)
नगर विकास न्यास, कोटा